खास-खबरें

16 जून को बरेली आएंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

बरेली। गुजरात मे हुए ह्रदय विदारक हादसे के बाद मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उदयपुरा विधानसभा के बरेली में 13 जून कों होने बाले कार्यक्रम को निरस्त कर दिया था अब 16 जून को बरेली आएंगे सीएम मोहन यादव बरेली जानकारी देते हुए स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बताया गुजरात मे हुई दुखद घटना के बाद मप्र के संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने सारे कार्यक्रम निरस्त कर दिए थे जिसमें बरेली में आयोजित होने बाली तिरंगा यात्रा और सभा को निरस्त कर दिया था जबकि बरेली में थाना ग्राउंड पर पूरी तैयारी हो चुकी थी पंडाल डूम लग कर तैयार होगये थे प्रशासन पूरी मुस्तेदी से तैयारी कर ली थी अब 16 जून को मुख्यमंत्री आएंगे इसलिए पंडाल लगा हुआ है एक बार फिर प्रशासन मुस्तेदी से कार्यक्रम को पूरा कराने के लिए कमर कस चुका है ।

आंधी से विद्युत पोल धराशाई होते-होते बचा

गंजबासौदा। नगर के बरेठ रोड नवाअंकुर स्कूल रोड की पहुंच मार्ग बस्ती में एक विद्युत पोल आंधी की तेज गति के कारण धराशाई हो गया लेकिन पास के एक दरख्त की डाली पर अटक जाने से वह नीचे नहीं गिर पाया और जोखिम भरी स्थिति निरंतर बनी हुई है इस बात की सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है लेकिन शुक्रवार तक उस जोखिम भरे पोल को सही करने की विभागीय कोई कार्रवाई या पहल फील्ड पर नहीं दिखाई दी,? चिंता का विषय है कि इस मार्ग से डॉल्फिन नव अंकुर स्कूल के विद्यार्थी एवं पश्चिमी इलाके में रहने वाली बस्ती के लोग आते जाते हैं दुर्भाग्यवश उस बबुल की टहनी टूट जाती है तो कोई भी बड़ी दुर्घटना को नहीं टाला जा सकता।

वन, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही ने कराई 6.5 हेक्टेयर वनभूमि अतिक्रमण मुक्त

मंदसौर। संजय रायखेरे, डीएफओ मंदसौर द्वारा बताया गया कि अतिक्रमण मुक्त मुहिम के अंतर्गत वन परिक्षेत्र मंदसौर की बीट सीतामऊ के गोपालपुरा में अवैध रूप से वनभूमि पर अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई, जिसमें शुभम पाटीदार (डिप्टी कलेक्टर) प्रभारी तहसीलदार सीतामऊ, मोहन मालवीय थाना प्रभारी सीतामऊ, रतनसिंह सिंगौड़ वन परिक्षेत्राधिकारी मंदसौर, रघुराजसिंह सिसोदिया परिक्षेत्र सहायक सीतामऊ, वन विभाग, पुलिस विभाग तथा राजस्व विभाग के अमले द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर अवैध रूप से वनभूमि में, बनाये गये अस्थायी झोपड़ी, खेती के उद्देश्य से अतिक्रमण की गई भूमि मुक्त कराई।

अवैध रूप से वनोपज परिवहन करने पर आरोपी गिरफ्तार

रायसेन। मुख्य वनसंरक्षक भोपाल वृत्त श्री राजेश कुमार खरे के निर्देशन तथा वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल रायसेन श्रीमती प्रतिभा शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले में अवैध रूप से वनोपज की कटाई और परिवहन पर सख्ती से रोक लगाने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। उप वनमण्डलाधिकारी सामान्य सिलवानी श्री इंदर सिंह बारे के सहयोग से गुरूवार को रात्रि में परिक्षेत्र सिलवानी पश्चिम की बीट धौलपुर के वन कक्ष क्रमांक आरएफ 126 में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर वन क्षेत्र में अवैध रूप से वनोपज परिवहन करते पाए जाने पर एक मोटरसाइकिल एवं दो नग 0.075 घनमीटर सागौन इमारती वनोपज को जप्त किया गया तथा मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया।

देवबड़ला स्थल के विकास के लिए बनाई जाए प्रभावी कार्ययोजना : कलेक्टर

सीहोर।

कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने सीहोर जनपद के ग्राम सतपिपलिया पहुंचकर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनाए गए डगवेल रिचार्ज, मनरेगा अंतर्गत निर्मित खेत तालाब, सामुदायिक निर्मल नीर कूप का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम में स्थित शांतिधाम में पौधारोपण भी किया। उन्होंने जवर तहसील स्थित देवबड़ला एवं विभिन्न ग्रामों में जलं गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनाए खेत तालाबों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों और ग्राम?वासियों को जल का महत्व बताते हुए यह अपील की कि वे वर्षा के अधिक से अधिक जल का संरक्षण करें, ताकि धरती के अंदर ज्यादा से ज्यादा से वर्षा का जल पहुंचाया जा सके।

कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने ग्राम के किसान श्री सूरज सिंह द्वारा मनरेगा के तहत बनाए गए खेत तालाब के निरीक्षण दौरान किसान से चर्चा की और खेत तालाब का अवलोकन किया। उन्होंने खेत

तालाब की सहायता से खेती में आई समृद्धि के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने बनाए गए खेत तालाब की सराहना की और उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों को खेत तालाब की योजना का लाभ दिलाया जाए, ताकि पर्याप्त जल मिलने से उनकी खेती में उन्नति हो सके। उन्होंने किसान श्री रूपसिंह द्वारा मनरेगा के तहत स्थापित किए गए फलोद्यान का भी निरीक्षण किया और किसान श्री रूपसिंह से फलों की खेती में उपयोग की जा रही तकनीकों एवं विधियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। किसान श्री रूपसिंह ने कलेक्टर श्री बालागुरू के. को बताया कि वे अपने इस फलोद्यान में आम, अमरूद, पपीता, कटहल सहित विभिन्न फलों की खेती कर रहे हैं और अच्छा मुनाफा अर्जित कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जनपद सीईओ श्रीमती नमिता बघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जावर तहसील स्थित देवबड़ला और खेत तालाबों का किया निरीक्षण: कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने जावर तहसील के ग्राम बीलपान स्थित पुरातात्विक स्थल देवबड़ला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देवबड़ला स्थल पर किए जा रहे विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और उपस्थित जनपद सीईओ, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों को इस स्थल के विकास कार्यों के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। ताकि भविष्य में इस स्थल को एक बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने बिलकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की और जिले की प्रगति और सुख समृद्धि की प्रार्थना की।

उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जावर के ग्राम ग्वाली, ग्राम मेहतवाड़ा सहित विभिन्न ग्रामों में किसानों द्वारा मनरेगा के तहत बनाए गए खेत तालाबों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से चर्चा की।

इस दौरान हितग्राही किसानों ने कलेक्टर श्री बालागुरू के. को बताया कि इन खेत तालाबों के निर्माण से उनकी फसलों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है और यह तालाब उनकी समृद्धि में सहायक बन रहे हैं। किसानों ने बताया कि बरसात के पानी को वे इन खेत तालाबों में एकत्रित करते हैं और जल की आवश्यक होने पर एकत्रित जल से सिंचाई करते हैं। इसके साथ ही वे इन तालाबों की सहायता से मछली पालन भी कर सकते हैं। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने किसानों द्वारा अपनाई जा रही कृषि तकनीकों की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान जनपद सीईओ श्री अमित व्यास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम के लिए भारतीय मजदूर संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बरेली।

जिले में बढ़ते प्रदूषण एवं उसकी रोकथाम के उपाय करने की मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ जिला रायसेन द्वारा एक ज्ञापन भारतीय मजदूर संघ विभाग प्रमुख अशोक पटेरिया एवं जिला मंत्री रघुवीर सिंह भदौरिया के नेतृत्व में रायसेन कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सोंपा गया। जिसमें जिले में बढ़ रहे प्रदूषण की जानकारी के साथ ही उसको रोकने का आग्रह किया गया। दिए गए ज्ञापन का वाचन करते हुए रघुवीर सिंह ने बताया की, पर्यावरण प्रदुषण की समस्या भारत ही नहीं पूरे विश्व में एक गंभीर समस्या बनी हुई है। प्रदुषण के कारण मनुष्य को कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। वर्तमान में पेड़ों की कटाई काफी बढ़ गई है, पर उसकी तुलना में वृक्षारोपण कम हो रहा है, इस कारण वातावरण का तापमान पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बढ़ गया, इससे कई प्रकार की समस्या आई। सही प्रकार से तालाबो का संरक्षण न होना और उनके संरक्षण न हो पाने के कारण भू-गर्भिय जल स्तर नीचे जाने लगा है। इससे कई स्थानों पर पानी की समस्या बढ़ने लगी है। भारतीय मजदूर संघ इस ज्ञापन के माध्यम से आपसे यह मांग करता है कि जिले में होने वाले सभी प्रकार के प्रदुषणों पर विशेष ध्यान देते हुए इसके रोकथाम हेतु तत्काल उपाय किये जाय, साथ ही निम्न बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाय। वायु प्रदुषण पर विशेष ध्यान दिया जाय, एवं इसे कम करने हेतु उचित उपाय किये जाय, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर असर न हो, साथ ही सभी प्रमुख शहरों के प्रमुख स्थलों पर प्रदुषण का स्तर दशनि वाला इलेक्ट्रानिक बोर्ड लगवाया जाय।

पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य भुवन भूषण ने सेन समाज के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

विदिशा (निप्र)। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल ने सेन समाज द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होने कहा कि जीवन में शिक्षा बहुत जरूरी है। बच्चों को शिक्षा अवश्य ग्रहण करनी चाहिए। पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने अध्ययन पर ध्यान देना चाहिए, ताकि अच्छे अंकों के साथ सफलता प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि अध्ययन और अनुभव व्यक्ति का जीवन भर साथ नहीं छोड़ते इसलिए शिक्षा का ज्ञान अर्जित करना अति आवश्यक है। विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि बच्चों को विविध शासकीय सुविधाएं दी जा रही हैं। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से भी कहा कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ ही उनकी गतिविधियों पर भी ध्यान दें। अतिथियों व समाजजनों द्वारा मां सरस्वतीजी एवं संत शिरोमणि सेनजी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस प्रकाश जांगरे ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रतिभाओं का सम्मान है जिनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता के लिए कड़ी मेहनत जरुरी है। लक्ष्य को अर्जित करने के लिए हमें कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है और कड़ी मेहनत के साथ-साथ अनुशासन का भी पालन करना पड़ता है। सदस्य भुवन भूषण कमल सहित अतिथियों ने कार्यक्रम में दसवीं और बारहवीं कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व शील्ड आदि प्रदान कर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी।

मॉडल विद्या जोशी का आगमन आज

गंजबासौदा। बीलाढाना में आज 14 जून को एक बड़ा आयोजन होगा। इसमें दुबई की इंटरनेशनल मॉडल विद्या जोशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वह जन परिषद के बीला ढाना चैप्टर के स्थापना दिवस समारोह में भाग लेंगी। विद्या जोशी पटेल, जो दुबई में इंटरनेशनल मॉडल और एक्ट्रेस के रूप में जानी जाती हैं। जन परिषद के बीलाढाना चैप्टर के स्थापना दिवस समारोह में भाग लेंगी। उनके साथ जन परिषद के राष्ट्रीय संयोजक और वरिष्ठ पत्रकार रामजी श्रीवास्तव और प्रांतीय सचिव नितिन श्रीवास्तव भी मौजूद रहेंगे। नगर में जन परिषद के ओमप्रकाश चौरसिया के नेतृत्व में विद्या जोशी पटेल का स्वागत किया जाएगा। बीलाढाना चैप्टर के अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव और संरक्षक सुरेंद्र श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी है। यह आयोजन बीलाढाना और गंजबासौदा के इतिहास में एक बड़ा अवसर होगा, जिसमें ब्यूटी और फैशन जगत की एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की पर्सनैलिटी का आगमन होगा।

भोपाल से टीकमगढ़ जा रही यात्रियों से भरी बस टैंकर से टकराई

रायसेन।

रायसेन जिले के गैरतगंज तहसील के आलमपुर के पास गुरुवार देर रात एक यात्री बस और टैंकर की आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद बस सड़क से नीचे उतर कर खेत में पलट गई। हादसे में बस सवार चार लोगों को मामूली चोट आई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार महाकाल ट्रेवल्स की बस भोपाल से टीकमगढ़ जा रही थी। इसी दौरान गुरुवार देर रात करीब तीन बजे आलमपुर के पास बस की सामने से आ रहे टैंकर से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बस सड़क से नीचे उतर कर खेत में पल गई। हादसे के समय सभी यात्री सो रहे थे। अचानक हुए हादसे से सभी घबरा गए और चीख पुकार मच गई।

गैरतगंज थाना प्रभारी डीपी लोहिया ने बताया कि बस में करीब 40 यात्री सवार थे। हादसे में बस खेत में जा गिरी जबकि टैंकर रोड किनारे बने एक घर के पास जाकर रुका। गनीमत रही कि दोनों वाहनों की रफ्तार ज्यादा नहीं थी, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। टक्कर में बस में सवार चार यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। डायल 100 में तैनात आरक्षक कपिल जाट और पायलेट अबरार खान ने तत्काल घायलों को गैरतगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

भारतीय मजदूर संघ ने जिले में बढ़ते प्रदूषण और इसके रोकथाम हेतु प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

विदिशा (निप्र)। भारतीय मजदूर संघ की शाखा के प्रतिनिधिमंडल ने जिले में बढ़ते प्रदूषण एवं उसकी रोकथाम के उपाय करने हेतु कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर श्रीमती निकिता तिवारी को ज्ञापन प्रस्तुत किया।

भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण की समस्या भारत ही नहीं, पूरे विश्व में एक गंभीर समस्या है। प्रदूषण के कारण मनुष्य सहित सभी प्राणियों को अनेक प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। वर्तमान में पेड़ों की कटाई अधिक बढ़ जाने और उसकी तुलना में वृक्षारोपण कम होने के कारण वातावरण का तापमान पिछले वर्ष की

अपेक्षा इस वर्ष अधिक बढ़ गया है। ठीक प्रकार से जल संरक्षण नही हो पाने के कारण भू-गर्भीय जलस्तर नीचे जाने लगा है, जिससे अनेक स्थानों पर पानी की समस्या बढ़ने लगी है।

भारतीय मजदूर संघ ने माँग की है कि जिले में सभी प्रकार के प्रदूषणों पर विशेष ध्यान देते हुए इनकी रोकथाम हेतु तत्काल उपाय किए जाएं। वायु प्रदूषण पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिले के सभी प्रमुख नगरों के प्रमुख स्थलों पर प्रदूषण का स्तर दर्शाने वाले इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड लगवाए जाएं। नदी-नालों को प्रदूषित होने से बचाने हेतु भी उचित उपाय किए जाएं। पेड़ों की अनावश्यक कटाई पर रोक लगाने के साथ वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाए। सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामानों की बिक्री पर तुरंत रोक लगाई जाए। जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए सभी शासकीय एवं निजी आवासों, सरकारी एवं निजी क्षेत्र के कार्यालयों में रूफटॉप वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से वर्षा के जल को भू-जल में रिचार्ज करने की नियमानुसार व्यवस्था की जाए। शहरों से निकलने वाले कचड़ों के प्रबंधन की नियमानुसार समुचित व्यवस्था की जाए।

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल

क्रमांक / 1532/ खनिज /2025 E-mail id-mobhopal@gmail.com भोपाल, दिनांक 10/06/2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए

प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि श्री सोहेल बाबा आ. श्री फारीद उददीन निवासी ए-2016 गौतम नगर पी.जी.बी.टी. जिला भोपाल द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 04.06.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 09.07.2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते हैं आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नंबर	रकबा	भूमि का प्रकार शासकीय/निजी	खनिज का नाम	रिमार्क
भोपाल	हुजूर	नीलबड	208	रकबा 6.700 हे. में से 3.250 हे.	शासकीय	मुरूम/कोपरा	भाग रकबा 3.250 हे.

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05.30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियत 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
जी-14260/25 (खनिज शाखा) जिला-भोपाल,

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी परियोजना खण्ड क्रमांक-2 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल

ई मेल eephedepwbpl@mp.gov.in

क्र. 33,34,35,36,37,38,39,40 /का.य./स परि. खण्ड 2/लोरवायांवि/ दिनांक 12/06/25

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://mptenders.gov.in पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

क्र.	ऑनलाई निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित राशि (रू. लाख में)	धरोहर राशि (रूपये)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2025-PHED_429960	Repairing and Rising of manhole chamber i/c de silting and cleaning of manholes and sewer line constructed under PPOUL Project at Section No. 1 of Sub Div. 05, Bhopal	7,99,123.00	15,982.00	2,000.00	30 Days Including rainy season
2	2025-PHED_429961	Reconstruction of fully damaged manhole chamber i/e de silting and cleaning of manholes and sewer line constructed under BWL Project at Jhangirabad area Section C of Sub Div-6, Bhopal	6,96,839.00	13,937.00	2,000.00	30 Days Including rainy season
3	2025-PHED_429962	Repairing of damaged manhole chamber with cleaning of manholes and sewer line at E-3, Arera Colony, Section No. 1 Network Area Bhopal	8,09,910.00	16,180.00	2,000.00	30 Days Including rainy season
4	2025-PHED_429963	Cleaning and de silting work of Wet well, PTU and collection Chamber at Tilak Nagar Sewage Pump House, Bhopal	5,07,517.00	10,150.00	2,000.00	180 Days Including rainy season
5	2025-PHED_429965	Repairing of damaged manhole chamber ic de silting and cleaning of manholes and sewer lines at Section-1 under Patra SPH, Bhopal	6,82,183.00	13,644.00	2,000.00	30 Days Including rainy season
6	2025-PHED_429966	Repairing of manhole chamber with cleaning and de silting manholes and sewer line, drains, Block H1, H2, H3 and 11, 12, 13 of 1100 Quarters Area, Bhopal	8,11,053.00	16,221.00	2,000.00	30 Days Including rainy season
7	2025-PHED_429968	Providing of Unskilled, Skilled & High Skilled Male/ Female Labour Kamgar Chowkidar/Computer Operator etc i/e T&P and safety equipment for sewage maintenance work at various sites under C.P. Div. 02, Sub. Division No. 8 PHED Bhopal	1,05,27,084.00	1,05,271.00	2,000.00	365 Days Including rainy season
8	2025-PHED_429969	Repairing of Damage manhole chambers and cleaning Chocked Manhole and Sewer line at Depo Chouraha to Sushashan Bhawan, Bhopal	7,17,884.00	14,358.00	2,000.00	30 Days Including rainy season

निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा संशोधन केवल वेबसाइट पर ही दर्शाया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि 27/6/25 है।

कार्यपालन यंत्री,
जी-14322/25 राजधानी परियोजना खण्ड क्र. 2 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल

राजा के बड़े भाई विपिन और भतीजे ने सिद्धवट पर पिंड बनाकर किया पूजन

उज्जैन। इंदौर निवासी राजा रघुवंशी की हत्या का मामला इन दिनों देश में सुर्खियों में बना हुआ है। शुक्रवार को राजा की आत्म शांति के लिए उसके बड़े भाई व भतीजा उज्जैन पहुंचे।इस दौरान सोनम का भाई गोविंद भी साथ रहा। उसने राजा की मोक्ष की कामना को लेकर तर्पण किया और पूरे समय परिवार के साथ ही दिखाई दिया।

इंदौर के बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड अभी भी सुर्खियों में बना हुआ है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद शिलांग पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है। वहीं राजा रघुवंशी के परिजन अपने बेटे के मोक्ष की कामना को लेकर धार्मिक नगरी उज्जैन में पहुंचे। यहां उन्होंने सिद्धवट पर नारायण बलि का पूजन अर्चन कर पिंड बनाएं उनका पूजन किया और फिर इन्हें मां शिप्रा प्रवाहित किया। श्री क्षेत्र पंडा समिति के अध्यक्ष पंडित राजेश त्रिवेदी आम वाला पंडा ने बताया कि राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी और उनका भतीजा विधान शुक्रवार को राजा रघुवंशी के मोक्ष की कामना को लेकर सिद्धनाथ आए। उन्होंने पहले दिन से लेकर दसवें दिन तक का पूजन अर्चन किया। राजा के मोक्ष की प्राप्ति के लिए यह संस्कार आवश्यक होता है। इसीलिए परिवार के लोग उज्जैन आए थे, जिन्होंने पिंडदान के साथ ही तर्पण किया और सिद्धनाथ के दर्शन करने के बाद दान पुण्य भी किया।

सोनम का भाई भी पूजन अर्चन में रहा शामिल: बहुचर्चित राजा हत्याकांड मामले में सोनम पर ही चार अन्य लोगों के साथ मिलकर राजा की हत्या करने का आरोप है। पुलिस ने इस पूरे मामले को सुलझा दिया है, लेकिन इन सबके बावजूद सोनम का भाई गोविंद शुक्रवार को उज्जैन के सिद्धवट पर हुए पूजन अर्चन के दौरान राजा के परिवार के साथ शामिल रहा। उसने राजा की मोक्ष की कामना को लेकर तर्पण किया और पूरे समय परिवार के साथ ही दिखाई दिया।

पूरे देश में नाम बदनाम किया सोनम ने, फांसी की सजा हो: राजा के मोक्ष की कामना को लेकर सिद्धवट पर हुए पूजन अर्चन के दौरान शामिल हुए सोनम के भाई गोविंद ने मीडिया को बताया कि सोनम ने पूरे प्रदेश ही नहीं देशभर में हमारा नाम बदनाम कर दिया। वह शुरुआत से ही जिद्दी और गुस्से वाली थी। गोविंद ने बताया कि अगर मुझे राज कुशवाह और सोनम के अफेयर की जानकारी होती तो या तो मैं उन्हें भगा देता या फिर उनकी शादी करवा देता। परिवार की ओर से सोनम पर शादी का कोई दबाव नहीं था। वह ऐसी भी नहीं थी कि किसी दबाव में आकर शादी कर लेती। उसने जो किया वह माफी के लायक नहीं है। अगर वह दोषी है तो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए। हम तो शुरू से ही राजा की फैमिली के साथ थे और अब भी उनके साथ ही रहेंगे।